**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे एवं करंट लगने से दो की मौत

**कटनी।** माधवनगर एवं बरही थाना क्षेत्र में अलग अलग कारणों से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत निवार में एक युवक करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बरही में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक व्यक्ति की जीवनलीला समाप्त कर दी। बताया जाता है कि निवार चौकी के ग्राम सुनहरा भटगवां में रहने वाले 22 वर्षीय युवक राकेश सिंह गौंड की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। राकेश जंगल भटिया मनेहरा क्षेत्र स्थित खेत में गया था जहां बिजली के खुले तारों की चपेट में वह आ गया। करंट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मर्ग कायम किया है। इसी तरह बरही थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा में विनोद कुमार केवट 42 वर्ष को ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 AB 4514 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।*पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन को कब्जे में लिया है जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### रेलवे ट्रेक पर मिला नवजात बच्चे का शव

**कटनी।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के ट्रैक पर एक नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह जब सफाई कर्मचारी और रेल अधिकारी प्लेटफॉर्म नंबर 5 के पास से गुजर रहे थे तब उनकी नजर रेलवे ट्रैक पर पड़े एक छोटे से पोटलीनुमा पैकेट पर पड़ी। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक अज्ञात नवजात शिशु का शव है। रेल अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी और मेडिकल टीम को दी को दी। मौके पर पहुँची जीआरपी टीम ने जांच शुरू कर दिया है। फिलहाल बच्चे की शिनाख्त नहीं हो सकी है और न ही यह पता चल पाया है कि उसे वहां किसने और कब छोड़ा। जीआरपी के अनुसार मामले की गहनता से जांच की जा रही है। स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### अचानक लापता हुई किशोरी को किया दस्तयाब

**ढीमरखेड़ा।** माता पिता की डांट से नाराज होकर अचानक लापता हुई एक किशोरी को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। यह कार्यवाही थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व मे ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 16 वर्षीय लडकी घर से बिना बताये कही चली गई। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की पतासाजी की गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर बालिका की पतासाजी के प्रयास करने के लिए एक विशेष दल को रवाना किया गया। तत्पश्चात बालिका को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया गया और उसके परिजनों के सुपूर्द किया गया।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर जिले भर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा

# संकट कटै मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा..

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी







माता अंजनी के लाल संकट मोचन भगवान हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिरों में कहीं मानस पाठ तो कहीं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। पवनसुत के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। जीवंत झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में जय बजरंगबली एवं जय श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने सुबह से मंदिरों में पहुंचकर पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में रामधुन, भजन-कीर्तन एवं जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। इसके अलावा शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दिनभर पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मंदिरों को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया गया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया।

कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित खनिज शाखा के हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। यहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, अपर कलेक्टर प्रमोद मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

### स्लीमनाबाद में निकली शोभायात्रा

भगवान श्रीराम के प्रिय भक्त हनुमान जी का प्रकटोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे धूमधाम से मनाया गया। स्लीमनाबाद स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य मन्दिरों में रामधुन गूंजने लगी। नगर और आस-पास स्थित हनुमान मंदिरों में मारुति नंदन का प्रकटोत्सव मनाने के लिए जोरदार तैयारियां की गईं थी। गुरुवार को जब दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे अखंड रामचरित मानस पाठ का समापन हुआ तो हवन यज्ञ पूर्णाहुति की गई। इसके बाद कन्या पूजन कर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे लोगो ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।

देर शाम 5 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जिसमे एक रथ में श्रीराम-सीता,लक्ष्मण व हनुमान सुशोभित हो रहे थे। शोभायात्रा में वीर हनुमाना, अति बलवाना राम नाम रसिया रे, प्रभु मन बसिया रे की रामनाम धुन गुंजायमान हो रही थी। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण करते हुए वापिस दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुँची जहां महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की। वही शोभायात्रा के तहत स्लीमनाबाद तिराहा में पहलवानों के द्वारा करतब दिखाए गए।करतब की कलाकृतियों को देख दर्शकों ने ताली बजाकर अभिवादन किया।शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्थाएं की ।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, राधेश्याम गोलू तिवारी, रवि दुबे, रतन गुप्ता, नारायण सोनी,राजू अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, सुनील गुप्ता, विजय अग्रवाल, गुड्डा अग्रहरि, प्रशांत अग्रहरि, बिनोद दुबे सहित बड़ी संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।

### सिलौड़ी क्षेत्र में भी निकली शोभायात्रा, अखंड मानस पाठ

सिलौडी में हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से श्री बाला जी मंदिर ,पंचमुखी हनुमान जी ,हनुमान कुटी बाजार बाजार मोहल्ला , धरमपुरा हनुमान कुटी , छोटे हनुमान जी ,बड़े हनुमान जी ,दक्षिणा मुखी हनुमान जी में रामायण एवं सुंदरकांड, पूजन अर्चन किया गया । श्री बाला जी मंदिर अखंड रामायण पाठ के बाद महाआरती और भंडारा का आयोजन हुआ । शाम में श्री बाला जी मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जोकि पूरे गांव का भ्रमण श्रीराम लखन जानकी और हनुमान जी की झांकी के साथ किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए ।रात में धरमपुरा हनुमान कुटी में दीपदान और महाआरती का आयोजन हुआ। पंचमुखी में संकीर्तन के बाद कन्या भोज का आयोजन हुआ । बाजार कुटी ने रात्रि में सुंदर काण्ड और महा आरती हुई। दशरमन ,कछार गांव बड़ा , सांगवा ,लालपुर , नेगाई,पाली सहित पूरे क्षेत्र में हनुमान जी के जन्मोत्सव अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में प्रातः से ही सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का कर विशेष श्रृंगार किया गया का जन सैलाब दर्शन हेतु उमड़ा। हनुमान मंदिरों में पूजन अर्जन हवन उपरांत कन्या भोजन एवं भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर सहित हजारों भक्त जनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## अलग अलग स्थानों से 270 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अल्फर्टगंज में संदेही सत्यम जायसवाल अपने घर के बाड़ी में भारी मात्रा में देशी शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर तत्काल उनि. कुलदीप सिंह व स्टाफ को कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो वहां संदेही खड़ा मिला जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम सत्यम जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल 29 वर्ष निवासी बी.डी.अग्रवाल वार्ड अल्फर्ट गंज कटनी का होना बताया। स्टाफ के द्वारा तलाशी लेने पर देशी शराब के 15 कार्टून मिले जिनमें 135 लीटर शराब कीमती करीब 80 हजार रूपये आंकी गई। आरोपित के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली कटनी के अतिरिक्त थाना बड़वारा व विजयराघवगढ़ में कुल 13 अपराध दर्ज होना पाए गए है। आरोपी को न्यायालय पेश किया।

इसी प्रकार बैलट घाट क्षेत्र में एर्टिगा कार से 15 पेटी शराब जब्त की गई। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर ड्रायवर सीट में बैठा व्यक्ति भाग गया जबकि बगल वाली सीट में बैठा व्यक्ति भी भागने का प्रयास करने लगा जिसे पकड़ा गया। संदेही विधि उल्लंघनकारी बालक से पूछताछ पर ग्राम सेमरा थाना अमदरा जिला मैहर हाल पन्ना मोड़ कटनी का निवासी होना बताया। कार के ड्रायवर के बारे पूछताछ पर ड्रायवर का नाम पवन पाठक निवासी पन्ना मोड़ कटनी का होना बताया। एर्टिगा कार नंबर एम.पी. 21 जेडजी 7198 लिखा हुआ था। कार के अंदर की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से देशी शराब के 15 कार्टून रखे पाए गए। जब्त शराब 135 लीटर कीमती 80 हजार रूपये बताई गई।

## निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ, जल संरक्षण के लिये किया प्रेरित



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैयाखुर्द द्वारा ग्राम कल्हैयाखुर्द में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक अरविन्द शाह ने बताया कि जल प्याऊ मंदिर के माध्यम से राहगीरों को गर्मी के समय शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी ने जल बचाने की शपथ ली ।यह कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैयाखुर्द द्वारा ग्राम में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला ।कार्यक्रम में बहादुर सिंह, कमल सिंह, रमेश सिंह, अमर सिंह, चरण सिंह, सुकरत सिंह, मंगल सिंह, सुमेर सिंह, लक्ष्मण सिंह, जालम सिंह, अंकित सिंह, रमन सिंह सहित अनेक ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## मनरेगा के कार्यों की समीक्षा, लापरवाही नहीं बरतने दी गई सख्त हिदायतः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनपद पंचायत बड़वारा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अभियान के तहत जल संरक्षण के लिये करें प्रेरित

उन्होंने मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत वार सृजित किए गए 'मानव दिवस' की विस्तृत समीक्षा की। सीईओ प्रभा तेकाम ने ग्राम पंचायतों को लेबर नियोजन (श्रमिकों को काम देने) में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। सीईओ श्रीमती तेकाम ने निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें 'पानी की एक-एक बूंद' बचाने का संकल्प दिलाया जाए।

बैठक में उपस्थित अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने मनरेगा योजना के विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की, वहीं सहायक यंत्री को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए लंबित बिलों को तत्काल लगाने के निर्देश दिए गये।

**विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए बहारीबंद विधायक**

## विधायक ने कहा शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों में दी जा रही है बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्कूलो में नवीन शिक्षा सत्र वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में आयोजित हुआ जहाँ कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक प्रणय पांडेय शामिल हुए।

इस दौरान दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष सुनील जयरत्नम, एसडीएम राकेश चौरसिया, बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, प्राचार्य महेंद्र राय सहित जनप्रतिनिधि, अभिभावकों व स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। विधायक प्रणय पांडेय ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया व पुस्तके वितरण की साथ ही सरकारी स्कूल मे पालक अपने बच्चों का प्रवेश कराये इसके लिए गांव जागरूकता रैली निकाली जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल चले आगे बढ़े के नारे लगाकर जागरूक किया ।विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रवेशोत्सव के समय अभिभावक भी पहुँचे। इस दौरान जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी,शिक्षक सुरेश सोनी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया व पुस्तके वितरण की। बहोरीबंद विकासखंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पुनः प्रारंभ हो गया है।

### मन लगाकर करें पढ़ाई

बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र का संचालन पूरे अप्रेल महीने होगा। विधायक प्रणय पांडेय द्वारा कक्षा पहली से 12वीं में नवीन सत्र 2026-27 में छात्र/छात्राओं को आमंत्रित कर उन्हें नवीन शैक्षणिक सत्र के सम्बन्ध जानकारी देकर मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया।साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सुविधाओं के सम्बन्ध बताया और शासन के द्वारा बेहतर और शानदार वातावरण में शिक्षा के लिए शासकीय विद्यालय सबसे अच्छा विकल्प है।

**नवीन शैक्षणिक सत्र पर विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर कराया गया प्रवेश**

## विद्यार्थियों को वितरित की गई पुस्तके, कक्षाओ का संचालन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के शासकीय व निजी स्कूलो में भी नवीन शिक्षा सत्र वर्ष 2026-27 का आगाज 1 अप्रेल से हुआ।स्कूलो में शिक्षको के द्वारा विद्यार्थियों को तिलक वंदन कर प्रवेश दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तके वितरण की गई। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया व पुस्तके वितरण की साथ ही सरकारी स्कूल मे पालक अपने बच्चों का प्रवेश कराये इसके लिए गांव जागरूकता रैली निकाली जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा स्कूल चले आगे बढ़े के नारे लगाकर जागरूक किया ।विद्यार्थियों के साथ स्कूल प्रवेशोत्सव के समय अभिभावक भी पहुँचे।

इस दौरान संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर,जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी,सविनय तिवारी, कृष्णा दुबे,मल्लिका खान, उइके मेडम, सावित्री रजक,सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।इसके साथ ही बहोरीबंद विकासखंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन पुनः प्रारंभ हो गया है। बुधवार को सभी विद्यालयों में बालसभा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही हर्ष उल्लास के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालयों के पुनः संचालन को लेकर विद्यार्थियों में भी उत्साह देखने मिला। सभी शासकीय व निजी विद्यालयों में निर्धारित समय पर सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में पहुंचकर अध्यापन कार्य प्रारंभ किया। पूरे एक माह तक विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन होगा। इस दौरान विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया जाएगा। प्रवशोत्सव को लेकर बच्चों के साथ अभिभावकों में भी उत्साह देखने मिला। बुधवार को विद्यार्थियों के साथ अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे हुए थे। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम लिए व विद्यार्थियों के साथ प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को पुस्तकों का भी वितरण किया गया।

जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र का संचालन पूरे अप्रेल महीने होगा। पूरे महीने शिक्षक विद्यार्थियों को पूर्व में कराए गए अध्यापन कार्य का रिवीजन कराएंगे। नवीन सत्र 2026-27 में छात्र/छात्राओं को आमंत्रित कर उन्हें नवीन शैक्षणिक सत्र के सम्बन्ध जानकारी देकर मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सुविधाओं के सम्बन्ध बताया और शासन के द्वारा बेहतर और शानदार वातावरण में शिक्षा के लिए शासकीय विद्यालय सबसे अच्छा विकल्प है।

शासकीय हाई स्कूल छपरा में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल के द्वारा विद्यार्थियों को तिलक वंदन कराकर प्रवेश दिलाया गया व पुस्तकें वितरित की गईं साथ ही विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की गईं। इस दौरान सचिव विजय कोरी, प्राचार्य विनय हल्दकार, बिनोद तिवारी, जितेंद्र तिवारी, श्रवण सेन, सोनू गुप्ता, विजय हल्दकार, धनेन्द्र हल्दकार, रमेश सेन आदि की उपस्थिति रही।

## शासकीय कार्य में बाधा एवं अड़ीबाजी पड़ गई महंगी, महिला को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करने एवं अपशब्दों का उपयोग करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन मे एवं थाना प्रभारी ढीमरखेडा श्रीमान अभिषेक चौब के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार 27.03.26 को प्रार्थी सोने सिंह पिता दादी सिंह गोंड 50 साल निवासी ग्राम हरदुआ अतरिया जो कि ग्राम सचिव के पद पर पदस्थ है जो थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 11.03.26 को ग्राम पंचायत भवन कटरिया में शासकीय कार्य कर रहा था जो गांव के नानबाई एंव शेषनारायण गोंड आये और गंदी गंदी गालिया देकर अपशब्दो का प्रयोग कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किये जो प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा पर अपराध कमाक 184/26 धारा 296ए, 221,351 (3), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपियो की तलाश पतासाजी की गई जो आरोपी घटना दिनांक से सकुनत से फरार रहे पुलिस टीम के अथक प्रयास एंव सूझबूझ से आरोपियों को 02.04.26 को गिरफतार किया और जिला जेल कटनी में निरुद्ध किया गया है। पूर्व में भी आरोपीयान द्वारा पंचायत भवन कटरिया में ताला लगा दिया था जिसका अवैध कब्जा प्रशासनिक दखल के बाद अलग किया गया था पुनः इसी तरह का कृत्य करने पर आरोपीयान उतारू थे और प्रशासन की कोई बात मानने तैयार नहीं थे। लगातार अडीबाजी कर रहे थे और न्यायालय का आदेश करने के लिए भी तैयार नहीं थे। तत्पश्चात आरोपीयान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, सउनि जयपाल सिंह, आर. पंकज, आर. देवेन्द्र अहिवार, म.आर. शालनी राजपूत, महिला कोटवार रिंकी दाहिया का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कटनी में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

**कटनी।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल क्रियान्वयन को लेकर कटनी जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में फील्ड ट्रेनर्स के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय बैच 1 अप्रैल से 3 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की गहन जानकारी दी जा रही है। इसमें जनगणना 2027 की मूल अवधारणाएं, परिभाषाएं, नवीन प्रक्रियाएं तथा तकनीकी पहलुओं को सरल और व्यवस्थित ढंग से समझाया जा रहा है। विशेष रूप से सीएमएमएस पोर्टल एवं एचएलओ ऐप के उपयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे जनगणना कार्य को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद फील्ड ट्रेनर्स अपने-अपने चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे, जिससे संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया का सुचारू एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का सतत निरीक्षण जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनी रहे।

### एचपीव्ही टीकाकरण अभियान की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दिये निर्देश

**कटनी।** महिलाओं में होने वाले खतरनाक सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरी बालिकाओं के लिए 28 फरवरी से चलाये जा रहे एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के अंतर्गत अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये हैं। भारत सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (जिन्होंने 14वां जन्मदिन मना लिया हो एवं 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है) को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीव्ही के टीकाकरण अभियान की शुरूआत 28 फरवरी से की गई है। अभियान के तहत माह मार्च, अप्रैल एवं मई तक कुल 90 दिवसों में एचपीव्ही टीकाकरण अभियान चलाकर पात्र किशोरी बालिकाओ को निःशुल्क एचपीव्ही वैक्सीन का टीकाकरण लगाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत प्रदेश में अभी तक 2 लाख से अधिक किशोरी बालिकाओ सफलतापूर्वक टीकाकृत किया जा चुका है। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा है कि जिले के समस्त स्कूलों (शासकीय और निजी) में नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। अधिकाशतः 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें कक्षा 8वीं व 9वीं में अध्ययनरत होती है। जिनको सवाईकल कैंसर बीमारी और उससे बचाव तथा एचपीव्ही टीकाकरण के प्रति जागरूक करना अति आवश्यक है।

### अधिकारियों ने गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंपों में स्टॉक का किया भौतिक सत्यापन

**कटनी।** जिले में घरेलू गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संयुक्त जांच दल द्वारा विजयराघवगढ़ में सघन जांच अभियान चलाया गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा विजयराघवगढ़ स्थित अशरफी पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पेट्रोल का स्टॉक 3154 लीटर, पावर पेट्रोल 4375 लीटर एवं डीजल 9814 ली पाया गया। इसी प्रकार नदी पार विजयराघवगढ़ में राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा गुरु कृपा होटल की जांच की गई। जांच दौरान होटल में भट्टी का उपयोग पाया गया। यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दही और पेड़ा के सैंपल लिए गए। इसके अलावा संयुक्त जांच दल द्वारा श्री साईं भारत गैस एजेंसी की जांच की गई और स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया।

### माधवनगर थाना के कैरिन लाइन में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# फरार होने की फिराक में था बदमाश, पुलिस ने दबोचा, 12 लाख 52 हजार नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





थाना माधवनगर क्षेत्र में निजी बैंक एजेंसी संचालक के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं रकम बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूरे मामले का पटाक्षेप करते हुए बताया कि आरोपी को भागने से पहले ही दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी आवेदक अमित जैसवानी 40 वर्ष निवासी कैरन लाइन माधवनगर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने घर से माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की नकदी CMS सर्विस के माध्यम से बैंकों में जमा करने का कार्य करता हैं। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं बैंक अवकाश के कारण उनके घर में लगभग 13 लाख नकद राशि रखी हुई थी। इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने घर से पूरी रकम चोरी कर ली थी, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। घटना के स्थल के आसपास उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों का विशलेषण किया गया जिसमें पाया गया कि घटना के सँभावित समय पर घटना स्थल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति जो कि घटना स्थल के आसपास देखा गया है जिसके संबंध में साक्ष्य का संकलन किया गया। एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान स्थापिता की गई एवम सायबर सेल कटनी को भी अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के संबंध में निर्देशित किया गया। प्रकरण केत्वरित पर्दाफाश करने हेतु थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, आर. लोकेन्द्र, नवीन शुक्ला, प्रधान आरक्षक भूवनेशवर, म.आर. आरती, प्र.आर अजीत बागरी , के द्वारा सभी प्रकार के साक्ष्य एकत्रित किये गये जो विशवस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुआ कि एक संदेही व्यकित जो कि उक्त घटना में सम्मिलित है तथा उसके जबलपुर दिशा की ओर अपने दो पहिया वाहन से जाने की जानकारी प्राप्त होने पर थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवम थाना प्रभारी सिहोरा को भी घटना की सूचना दी गई जो दोनों थानों के द्वारा अपने हमराह बल के माध्यम से घेराबंदी कर संदेही मगन यादव उर्फ राजवीर पिता छेदी लाल यादव 46 निवासी गली नंबर तीन, वार्ड नंबर 01 थाना कुठला का होना बताया। आरोपी से चोरी गई नगद राशि में से 12,51,995 रूपये की राशि नगद, घटना में पहने हुये कपडे एवम चोरी की वारदात में प्रयुक्त हुई दो पहिया वाहन को जप्त किया गया है

कार्यबाही मे टीम के सदस्य थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे, उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, प्र.आर अजीत बागरी, प्र.आर भूवनेश्वर बागरी, आर, लोकेन्द्र, आर. नवीन शुक्ला, म.आर आरती थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन, थाना प्रभारी सिहोरा जिला जबलपुर प्रतीक्षा मार्को की भूमिका रही

# नरवाई में आग लगाने पर 15 हजार तक का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नरवाई में आग लगने की घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण रखने और जनसमान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने एवं लोकव्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जिले की सीमा के अंतर्गत किसानों द्वारा फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर दिया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रायः यह देखा जाता है कि फसल कटाई के पश्चात किसान अपने खेतों में हरे डण्ठलों, फसल अवशेष (नरवाई) में खुले रूप से सुरक्षात्मक उपायों को अपनायें बिना आग लगाकर खेतों की सफाई करते है। इससे उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की बड़ी दुर्घटना होने की संभावना होती है। फसल अवशेष में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही जनहानि एवं पशु पक्षियों की हानि की भी संभावना बनी रहती है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने हेतु स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाये या कम्बाईन्ड हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। जिले में चलने वाले कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर या स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम की सतत निगरानी विकासखण्ड स्तरीय और ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति द्वारा की जायेंगी। साथ ही बिना स्ट्रा रीपर व स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाईन्ड हार्वेस्टर चलाये जाने पर हार्वेस्टर मालिक पर वैधानिक कार्यवाही एवं दण्ड अधिरोपित किया जायेंगा।

### अर्थदण्ड का प्रावधान

नरवाई जलाने पर, जिन कृषकों के पास दो एकड़ से कम जमीन है उन्हें 2 हजार 500 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड देना होगा। जबकि जिन कृषकों के पास 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन है, उन्हें 5 हजार रूपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों को 15 हजार रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड देना होगा।

*नगर निगम द्वारा 3 द्वारा में कब्जा हटाने की गई कार्रवाई*

# शासकीय भूमि बन रहा था मकान, अतिक्रमण हटाने की हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। अतिक्रमण अमले द्वारा गुरुवार को नगर के तीन प्रमुख स्थलों पर अभियान चलाते हुए स्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार प्रातः बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित पन्ना मोड के पास नगर निगम को आवंटित की गई प्रधानमंत्री आवास योजना की शासकीय भूमि के हिस्से मे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पक्का निर्माण कराये जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसको त्वरित संज्ञान में लेते हुए निगम के अतिक्रमण अमले की टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया जाकर निर्माणाधीन पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही करते हुए 450 वर्गफीट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त नगर के दो अन्य स्थलों मे संत कंवर राम वार्ड एवं चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित आजाद चौक मे सार्वजनिक नाली के ऊपर स्लैब ढालकर एवं सीढ़ी लगाकर स्थाई अतिक्रमण किये जाने की शिकायत को भी सुगम जल निकासी एवं आवागमन की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्थान से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

### कब्जा नहीं करने अपील

निगम प्रशासन द्वारा शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए अतिक्रमण टीम द्वारा रोजाना ही नगर के मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की जाकर नगारिकों को सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। नागारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें एवं शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### हांका टीम ने 25 मवेशियों को पकड़कर भेजा कांजी हाउस



शहर में आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त के निर्देश पर गठित टीमों ने विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार नागरिकों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के मद्देनजर निगम की हांका गैंग द्वारा चंडिका नगर, बरगवां मुख्य मार्ग, डन कालोनी मोड़,माधव नगर गेट के पास, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास एम पी ई बी कार्यालय के पास, जगन्नाथ चौक, चांडक पेट्रोल पंप के सामने सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 25 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि घुमंतू मवेशियों के कारण यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, ताकि सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने बताया कि मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के 2026 के होने वाले चुनाव के अंतर्गत एडवोकेट अक्षय बजाज एवं नव अधिवक्तागण के आग्रह पर मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष व कटनी मंडला जिला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता आर के सैनी व उनके सहयोगी अधिवक्तागण का कटनी दौरा हुआ।

इसमें सर्वप्रथम आरके सिंह सैनी ने कटनी जिला शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज व अधिवक्तागणो के साथ न्यायालय परिसर मे प्रवेश किया साथ ही उन्होंने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओ से उनके चेम्बरो मे जा जा कर मुलाक़ात की व अधिवक्ता परिषद के चुनाव मे अपने लिए समर्थन माँगा।

एडवोकेट आर के सिंह सैनी ने समस्त अधिवक्ता भाई बहनो से अपील की आप की छोटी से छोटी व बड़ी से बड़ी समस्या हमारी है। आपके किसी भी तरह की जनसमस्या या प्रशाशनिक समस्या है तो उसको आप तुरंत लिखित प्रारूप में हमारी जिला प्रतिनिधि सदस्य एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज को लिखित रूप से दे, हम आपकी समस्याओ का निराकरण करेंगे। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करके समस्या का तुरंत निवारण किया जाएगा, जरूरत पड़ने पर हम और हमारी टीम के सदस्य कटनी आकर के संबंधित अधिकारियों से बात करके तुरंत निराकरण करवाएंगे। आर के सैनी के साथ जनसम्पर्क मे पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कटनी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश दीक्षित, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कटनी अमित शुक्ला, अंजुला सरावगी बजाज आदि उपस्थित रही।

*महाविद्यालय में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण*

# विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन एवं भूमि के प्रकारों का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत जानकारी देते हुये बताया गया कि फसलों की कटाई के बाद बचे हुये डंठल तथा गहाई के बाद बचे हुए पुआल भूसा डंठल तथा जमीन पर पड़ी हुई पत्तियों आदि को फसल अवशेष कहा जाता है। फसल अवशेष जलाने से मृदा के तापमान में वृद्धि, मृदा सतह कठोर, मृदा की जलधारण क्षमता में कमी एवं रासायनिक गुणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लाभदायक मित्र कीट एवं सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट आती है। मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की उपलब्धता में कमी हो जाती है। मृदा क्षरण के कारण पोषक तत्वों से भरपूर मृदा की ऊपरी सतह प्रभावित होने से भूमि की उर्वरा शक्ति घट जाती है। फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मनुष्यों में श्वास से संबंधित बीमारी अस्थमा, फेफड़ों से संबंधित बीमारी तथा कैंसर एवं पराली जलाने से पर्यावरण में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड एवं अन्य हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होने के कारण आंखों में जलन रहती है। इस दौरान चर्म रोग की शिकायत भी बढ़ जाती है। यह वैश्विक ताप ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाता है।

फसल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात रोटावेटर से जुताई करके पानी लगा देने से फसल अवशेष मिट्टी में गल जाते हैं, जिससे खाद बनती है। गेहूं की कटाई के बाद जीरो टिलेज मशीन या हैप्पी सीडर से मूंग ढेंचा की बुवाई करके तथा धान की कटाई के बाद गेहूं की जीरो टिलेज तकनीक से बुवाई करके फसल अवशेष प्रबंधन किया जा सकता है। फसल अवशेषों को पलवार, मल्च के रूप में विभिन्न फसलों में प्रयोग करके खरपतवार नियंत्रण, मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि, मिट्टी के कटाव में कमी तथा भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार के लिए उपयोग किया जाता है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड वृद्धि, पिछले वर्षो के आंकड़े पीछे छूटे

# राजस्व वसूली में नगर निगम ने रचा कीर्तिमान, 39.24 करोड़ जुटाये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए नया इतिहास रच दिया है। निगम द्वारा संपत्तिकर, जलकर, किराया एवं अन्य मदों में की गई प्रभावी वसूली के चलते इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक राशि 39.24 करोड़ जमा कराई गई है। जो विगत वर्ष की तुलना में 58.16 फीसदी अधिक है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की सुदृढ़ रणनीति, सतत मॉनिटरिंग एवं सख्त कार्यवाही एवं वसूली को समय-समय पर दिये गए दिशा- निर्देशों के परिणामस्वरूप ही वसूली में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने में सफलता हासिल की जा सकी। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष वसूली अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया, जिससे नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सकी।

### बीते वर्षों के रिकॉर्ड ध्वस्त

विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष राजस्व में भारी वृद्धि दर्ज की गई। संपत्तिकर, जलकर, किराया एवं अन्य मदों में अभूतपूर्व वृद्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि सुनियोजित रणनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई लक्ष्य असंभव नहीं है।

नगर निगम की वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की तुलनात्मक वसूली अनुसार संपत्ति कर में वित्तीय 2024-25 में जहां 12.83 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष 2025 -2026 में 16.47 करोड़ रुपये की वसूली की गई है, इसी प्रकार जलकर वसूली में वित्तीय वर्ष 2024 -2025 में 4.4 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6.95 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। वहीं बाजार किराया राशि वित्तीय 2024-25 में जो 1.52 करोड़ रुपये प्राप्त हुई वहीं वित्तीय वर्ष 2025 -2026 में 1.71 करोड़ प्राप्त हुई है। जबकि विविध शुल्क के रूप में वित्तीय 2024-25 में जहां 5.1करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वो इस वित्तीय वर्ष 2025 -2026 में 13.38 करोड़ रुपये जमा कराए गए है। वहीं भवन अनुज्ञा मद में इस वित्तीय वर्ष में 73 लाख रुपये जमा कराए गए है। इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में राजस्व आय के रूप में 39.24 करोड रूपये जमा किये गए है जो विगत वर्ष की वसूली से 58.16 फीसदी अधिक है।

### अभियान बना गेमचेंजर

निगमायुक्त के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वार्डवार टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क किया गया। बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए तथा आवश्यकतानुसार वारंट, तालाबंदी जैसी सख्त कार्यवाहियां भी अमल में लाई गईं। शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, एनाउन्समेंट, बैनर एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से नागरिकों को कर अदायगी हेतु प्रेरित किया गया। उक्त समस्त कार्यवाहियों का व्यापक असर राजस्व वसूली अभियान के दौरान देखने को मिला।

### नवाचारों से बढ़ी सहभागिता

नगर निगम द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्य डिजिटल भुगतान सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार, वार्डो बल्क मैसेज, ऑन-द-स्पॉट समाधान, अवकाश के दिनों में कैश काउंटर खुला रखकर बकाया कर जमा करने की सुविधा तथा नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय, सहित बाजार क्षेत्रों एवं वार्डो में विशेष शिविर एवं लोक अदालतों का आयोजन कर करदाताओं को सरल एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की गईं। इन नवाचारों के चलते नागरिकों में विश्वास बढ़ा और उन्होंने स्वेच्छा से बकाया कर जमा कर निगम प्रशासन का सहयोग किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय नगर निगम प्रशासन ने नगर के जागरूक करदाताओं एवं राजस्व वसूली टीम के समर्पित प्रयासों को दिया है। निगमायुक्त ने कर्मचारियों अधिकारियों को आगे भी इसी तरह टीम भावना से कार्य करने की नसीहत दी है।

# छात्रावास की सीट बढ़ाने विधायक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सिलौंड़ी की छात्राओं ने विधायक को पत्र लिखकर 25 सीटों की वृद्धि की मांग की है। छात्रावास की स्वीकृत क्षमता 150 सीट है, जिसमें कक्षा 10वीं तक की छात्राएं निवासरत हैं। यह छात्रावास क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण आदिवासी अंचलों की छात्राओं के लिए शिक्षा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

विगत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में लगभग 28 छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जो आगे की पढ़ाई की उत्सुक हैं। छात्रावास में सीटों की कमी एवं बजट स्वीकृत न होने के कारण उनके रहने की व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों की आदिवासी बहुल्य परिवारों की पात्र छात्राएं इससे संबंधित होती हैं। सीमित सीट संख्या के कारण उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है, जिससे आगे की शिक्षा से वंचित हो जाती हैं।

छात्राओं की शिक्षा निरंतर बनाए रखने तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्रावास में कम से कम 25 सीटों की वृद्धि किया जाना अति आवश्यक है, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद छात्राओं को आवासीय सुविधा मिल सके और वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।

छात्राओं के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और वे लोग शहर में भी नहीं रह सकते क्योंकि उनके माता-पिता के पास इतनी आय भी नहीं है और उनके गांव में बस आदि वाहन उपलब्ध नहीं है। यदि छात्रावास आगे नहीं बढ़ेगा तो उनकी पढ़ाई बंद हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं को एचपीव्ही वैक्सीन का हुआ टीकाकरण

तेंदूखेड़ा। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, सर्रा, तेजगढ़, तारादेही में एचपीव्ही वैक्सीन का टीकाकरण किया गया जिसमें 162 बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई जबकि दमोह जिले में 302 बालिकाओं को वैक्सीन लगाया गया है तेंदूखेड़ा ब्लॉक को 77 बालिकाओं का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य मिला था लेकिन तेंदूखेड़ा ब्लॉक में लक्ष्य से ज्यादा बालिकाओं को वैक्सीनेशन करने में सफलता पाई है जो की एक सराहनीय कार्य है। वैक्सीन संपूर्ण भारत में निःशुल्क लगाई जा रही हे जो कि महिलाओं में होने बाली बच्चेदानी के मुंह के कैंसर को रोकती हैं वैक्सीन संक्रमण को रोकती हैं यह रोग दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा कैंसर रोग का कारक है। डॉ अशोक बरौनियां ने बताया कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है जिससे पूरे विश्व में हर वर्ष लाखों की तादाद में लोग मारे जाते हैं यह वैक्सीन लगाने से कैंसर जैसे रोग से निपटने में सहायता मिलेगी।

### एसबीआई में हुआ सुंदरकांड का पाठ

तेंदूखेड़ा। नगर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन शाम को किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भगवान हनुमान की भक्ति में लीन होकर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। संगीतमय प्रस्तुति के कारण पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक भक्ति का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। शाखा प्रबंधक आशीष वर्मा, फील्ड अधिकारी विशेष राय ,कैशियर आदित्य चंद क्योस्क संचालक नंदकिशोर अहिरवार ,बृजेश तिवारी एवं बैंक स्टाफ मौजूद रहा जिन्होंने यह धार्मिक आयोजन करवाया।

## नगर में हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, मंदिरों से लेकर चौराहों तक दिन भर हुये विविध आयोजन

# श्रीराम भक्त, संकट मोचन हनुमान के जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को शक्ति और साहस के प्रतीक और भगवान श्रीराम के परम भक्त संकटों को हरने वाले संकट मोचन और रुद्रावतार श्री हनुमान का जन्मोत्सव नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर व क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा कर हवन पूजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के साथ कन्या भोज भंडारा के आयोजन किए गए। सुबह से ही मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए मंदिरो में विराजमान हनुमानजी की मूर्ति पर माला, चोला और सिंदूर लगाकर आशीर्वाद मांगा। नगर के धनुष धारी मंदिर में सुबह से ही भक्तो का तांता लगना शुरू हो गया था जो देर रात्रि तक चलता रहा वहीं नगर के मद्दी का बगीचा में विराजमान राम भक्त हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर उनका विधि विधान से पूजन अर्चन कर सुंदरकांड का आयोजन किया गया इसके उपरांत कन्या भोजन भंडारा प्रसाद वितरण किया गया इसके अलावा देवश्री गौरीशंकर मंदिर में विराजमान हनुमान मंदिर में सुबह की बेला में संकट मोचन की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ सायंकाल सुन्दर कांड का आयोजन किया गया पंडित वहीं मां चंडी जी मंदिर थाना मंदिर परिसर तीन बत्ती तिगड्डा स्थित बजरंग बली मंडिया सकोर में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान की आराधना करने दूर-दराज से लोग पहुंचे।

#### मद्दी के बगीचा से निकली शोभायात्रा

अंजनी पुत्र पवनसुत के जन्मोत्सव पर संध्याकालीन मद्दी के बगीचा हनुमान मंदिर से जय बजरंग अखाड़ा कमेटी द्वारा बैंड बाजों डीजे के साथ भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बड़ा बाजार राम मंदिर रतन बजरिया तीनबत्ती तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए पुनः मंदिर में पहुंची जहां प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, राम भक्त हनुमान एवं राम दरबार की झांकी अखाड़े की आगे शोभायमान हो रही थी वही बजरंग अखाड़े में युवाओं द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया जा रहा था एवं डीजे बैण्ड बाजों की धुन पर युवा वर्ग काफी झूमते हुए भक्ति में लीन होकर जय श्रीराम जय हनुमान के उद्घोषों के साथ शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान नगर वासियों ने भगवान का आरती पूजन कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने

## 75 वर्ष प्राचीन परंपरा : तेजगढ़ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा





तेजगढ़। दमोह जिले के तेजगढ़ ग्राम में संकट मोचन हनुमान भगवान की जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें तेजगढ़ शारदा माता मंदिर से तेजगढ़ बस स्टैंड पतलोनी तिराहे से होकर तेजगढ़ हाथी दरवाजे से होकर कोष्टी मोहल्ला गणेश मंदिर से गुजरकर प्राचीन किले वाले हनुमान जी महाराज के दरबार में पहुंची शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की मनमोहक झांकी सजाई गई। डीजे एवं बैंड बाजा ढोल नगाड़ों की धुन पर खुलकर थिरके श्रद्धालु जगह-जगह सर्व समाज के लोगों ने ठंडी पेयजल की व्यवस्था की एवं शोभा यात्रा का स्वागत किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर जगह-जगह पानी एवं तेज धूप में ठंडे सर्वद (जूस)की व्यवस्था की एव यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जिसको सभी ने सराहा। मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान की जन्म जयंती पर हवन पूजन आरती कर प्रसाद वितरण किया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपनी शक्ति समर्थ के अनुसार मंदिर जीणोद्धार के लिए धनराशि दी जिसको सभी ने सराहा इस कार्य का सफल बनाने में शिक्षक महेंद कुमार दीक्षित जनसेवी, हरि सींग यादव जनपद सदस्य , मनोहर सिंह ठाकुर शिक्षक,राजकुमार साहू, नीरज असाटी, दामोदर सोनी, मुरली कोष्टी, शुभम् सोनी, डॉ अनूप, सिंह ठाकुर, वीरू असाटी,नीलेश चक्रवाती, धनी असाटी, कलू चक्रवर्ती एवं किला हनुमान समिति की महत्वपूर्ण भागेदारी रही।वही तेजगढ़ के अलावा हर्रई सिंगौरगढ़ में बस स्टेंड पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी के यहां सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। एवं हर्रई सिंगौरगढ़ के प्राचीन हड़यिाकोने मंदिर में भी भक्तों ने पूजन अर्चन किया, वही कंचनपुरी में दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज के यहां भक्तों की सुबह से लाइन लगी रही। एवं भव्य भंडार आयोजन भी किया गया।वही ग्राम पंचायत पतलोनी में भी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। एवं प्रसाद वितरण किया गया। तेजगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में भगवान संकट मोचन हनुमान जी की जन्म जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह,जिला मंत्री भारत सिंह लोधी ,थाना प्रभारी अरविन्द सिंह, बेड़ी पहाड़ी सिंह सदर,लोकपाल सिंह ठाकुर लकी जनपद सदस्य, ऋषि दीक्षित, धनकुमार विश्वकर्मा, निक्की दीक्षित,,लकी दुबे,गोलू सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## तेंदूखेडा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



तेंदूखेड़ा। गुरुवार कोश्रीरामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से विधिविधान से पूजन, अभिषेक हवन पूजन, भंडारा हुआ। ग्राम नरगुवां के हनुमान मठ को बड़े ही आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम 5.30 बजे से श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य सडक भौडी हनुमान मंदिर में सुबह से हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नगर की वार्ड क्रमांक 8 में स्थित हनुमान मंदिर में पूजन पाठ कर प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया नगर के वन परीक्षेत्र प्रांगण में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजन पाठ के साथ भोग लगाया गया। राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर एक दिन पूर्व से ही नगर तथा आसपास के अनेक हनुमान जी के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुन्दर कांड, रामधुन, हनुमान चालीसा का आयोजन प्रारंभ हो गये थे। गुरुवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर सुबह से विधी विधान के साथ हवन पूजन अभिषेक एवं कन्या भोज व भंडारे हुए। रेंज परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से पूजन पाठ किया गया। शाम 5.30 बजे से मढ़यिाघाट स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर से राम भक्त हनुमान जी की वाहनों में भव्य झांकियां सजा कर बैंड बाजो के साथ पूर्ण भक्ति भाव से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के आगे आगे अखाड़े के सदस्य हैरत अंग्रेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभा यात्रा मढ़यिाघाट हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पूजन के बाद नगर भ्रमण करते हुए ब्लांक परिसर स्थित पंचवटी श्री सिद्ध धाम पहुंची जहां पूजन अर्चन कर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मढ़यिा घाट मंदिर में शोभा यात्रा का समापन किया गया। समापन के बाद हनुमान जी महाराज का पूजन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह आरती उतारी गई एवं तिराहा चौराहे पर प्रसाद का वितरण किया गया। ऐसे ही नगर के पंचवटी धाम के सभी मंदिरो को भव्य भगवा कलर झंडो, फूलमालाओ सहित अनेक वस्तुओ से सजाया गया था। साथ ही सुबह से हवन पूजन हुआ शाम को हनुमान जी की महाआरती की गई इसके बाद शुद्ध घी के लडडू का प्रसाद वितरण किया।

### श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाया

पथरिया। नगर में सुबह से ही श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे मंदिरो मे श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा, इसी क्रम मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम संकीर्तन मंडल पथरिया द्वारा सुबह से प्रभात फेरी निकाल कर केशव प्रजापति जी के निवास पर श्री हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन किया गया तदुपरांत अनेक धुन मे संगीतमय रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया,जिसमे मुख्य रूप से रमेश प्रसाद विश्वकर्मा,रविशंकर सोनी,उमेश प्रजापति, संजय सोनी, मुकेश दुबे, मोहनलाल राठौर ,सुभाष सोनी, अरविन्द लल्लू रजक,हरिगोबिन्द्र कनेरा नर्मदा प्रसाद पटेल, मन्नूलाल सेन, अर्पित सोनी,तरूण सेन, तुलसीराम पटेल ,भीम पटेल, हल्ले पटेल, आदि अनेक लोग उपस्थित रहें।

### हनुमान जयंती पर हुए धार्मिक कार्यक्रम



गैसाबाद। संकट मोचन हनुमान जी महाराज के प्रकट उत्सव पर हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना करके संकट हरने वाले वीर बजरंगी जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के हनुमानगढ़ी मंदिर में पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर सामूहिक हवन भी किया गया। रामधुन कीर्तन भजन करके सबका संकट हरने वाले हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। ग्राम के बड़े हनुमान जी मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में बालाजी सरकार के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई, हनुमानगढ़ी मंदिर में मंदिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण सोनकिया मंदिर के व्यवस्थापक डॉ भानु पटेल, मुरलीधर तिवारी देवेंद्र पांडे जितेंद्र चौरसिया देवेश नामदेव सहित अन्य भक्तों ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की लालजी महाराज के जन्म उत्सव पर भक्तों को मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोत सेवा समागम के तहत दीवार लेखन संपन्न



पथरिया। जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति, बांसा कलां पथरिया द्वारा किशुनगंज सेक्टर में जनसहभागिता के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिसमें सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में दीवार लेखन कार्य किया गया, कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं उनके महत्व के प्रति जागरूक करना है सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा 28 मार्च से 04 जून 2026 तक अभियान के अंतर्गत किशुनगंज सेक्टर के ग्राम सागोनी कलां, हिनौता घाट, किशुनगंज, बकेनी एवं जोरलता में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें जल मंदिर एवं प्याऊ स्थापना, दीवार लेखन, प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा, भूमि पूजन एवं वृक्ष पूजन, जल स्रोत, नदी एवं घाट पूजन, मानस पाठ, भजन संध्या, दीपमाला, देवी गीत, संकीर्तन एवं आरती, प्राचीन बावड़ी एवं सामुदायिक जल स्रोतों की साफ-सफाई हेतु श्रमदान, जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में दीवार लेखन एवं जल चौपाल का आयोजन निरंतर जारी है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

## मां कलेही को अर्पित की गई 251 मीटर लंबी चुनरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

तहसील अंतर्गत ग्राम मगरोन में चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर 251 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे गांव के साथ क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। यात्रा का शुभारंभ खेर माता पंचमुखी हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद चुनरी यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर चुनरी धारण कर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं पुरुष वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ जय माता दी के उदघोष के साथ शामिल रहे। यात्रा आगे बढ़ते हुए बेहाऊ माता मंदिर पहुंची, जहां माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया। इसके पश्चात यात्रा का समापन कलेही माता मंदिर में हुआ, जहां 251 मीटर लंबी चुनरी माता को समर्पित की गई। और सभी भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।इसी के साथ 10 दिवसीय मेले की शुरूआत हुई जिसमें कई जिलों से भक्तों का आगवन होता है। इस आयोजन ने गांव में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## मंत्री ने किया लाखों रुपए के कार्यों का भूमिपूजन



तेंदूखेड़ा/तारादेही। गुरुवार को विधायक एवं राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत तारादेही में 25 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन एवं ग्राम पंचायत बम्होरी में दो सी.सी रोड जिसकी लागत राशि 12.46 एवं 10 लाख रुपए है जिसका भूमिपूजन किया। मंत्री लोधी ने कहां कि हमारा संकल्प है कि हम निरंतर विधानसभा में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर रहे और तारादेही क्षेत्र के लिए झापन नाला पुछी के तालाब की कैबिनेट में स्वीकृति प्रदान हुई जिसकी लागत लगभग 165 करोड़ रुपए है जिसका निर्माण कार्य जल्द किया जायेगा और लगभग 25 से अधिक ग्रामों के किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा प्राप्त होगी। जब मैं प्रथम बार विधायक बना तभी लोगों ने इस तालाब की मांग रखी थी तभी से मैं इस तालाब के लिए निरंतर प्रयासरत था जिसकी स्वीकृति प्रदान हुई है हमारा संकल्प है कि विधानसभा को प्रदेश में क्रमांक एक की विधानसभा बनायेंगे जिसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे है इस दौरान तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर सिंह लोधी सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी डॉ परम सिंह लोधी तारादेही सरपंच मंजू जैन मुकेश जैन उपसरपंच विनीता घोषी सचिव हरिश्चंद्र साहू सहायक सचिव महेश जैन बम्हौरी सरपंच दिलीप मिश्रा उपसरपंच कोसाबाई मोहन यादव सचिव राजेश ठाकुर सहायक सचिव प्रदीप मिश्रा समनापुर सरपंच इमरत यादव पौड़ी सरपंच बसोरी सिंह ठाकुर सचिन जैन की उपस्थिति रही।

## सुंदरकांड के साथ विशाल भंडारे का आयोजन



हटा। हनुमान प्राकट्य उत्सव के पर्व पर सुनार नदी के तट पर बसे हारट ग्राम में प्राचीन साला स्थित हनुमान मंदिर में आस्था की ऐसी बेमिसाल तस्वीर देखने को मिली जो वर्षों तक श्रद्धालुओं के दिलों में बनी रहेगी। शनिवार की सुबह से ही समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पर्व को यादगार बना दिया। विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संकट मोचक का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर में पवनसुत को लड्डुओं का भोग लगाया गया। जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय जय कपीस तिहुँ लोक उजागर की गूंज के साथ संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया इसके उपरांत कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हारट साला के पुजारी ने बताया कि भगवान हनुमान का जन्मोत्सव चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। संकट मोचन हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। इस दिन श्रीराम और हनुमानजी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बजरंगबली को अष्ट सिद्धियां और नौ निधि का वरदान प्राप्त है। इसके प्रभाव से वह सभी भक्तों की विपत्तियों को समाप्त करते हुए जीवन में खुशियां भरते हैं। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान हनुमान का जन्म चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार को सुबह हुआ था। इसी वजह से हर मंगलवार भगवान हनुमान की विशेष पूजा की जाती है। इसके अलावा शनिवार भी भगवान हनुमान को प्रिय है। त्रेता युग में रुद्रावतार भगवान हनुमान के पिता केसरी और माता अंजनी थीं। भगवान हनुमान को अलौकिक और दिव्य शक्तियां प्राप्त हैं। शिव पुराण के अनुसार भगवान हनुमान ही भगवान शिव के 11 वें अवतार हैं। आयोजन में ग्राम के रामदयाल पटेल बेनी प्रसाद पटेल परसू प्रजापति सहित समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से किया गया। इस दौरान हारट व हटा नगर के भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## पिपरिया कला में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव



हिण्डोरिया। गुरूवार 02 अप्रेल 2026 को समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया कला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत उपस्थित बच्चों के लिए नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शाला में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार भी किया जा रहा है। स्कूल के शिक्षकों के द्वारा बच्चों की शाला में दर्ज संख्या बढ़ाने घर-घर जाकर सतत संपर्क का काम भी किया जा रहा है। इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक शफीक खान सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ एवं छात्रों की उपस्थिति रही।

### संदीपनी विद्यालय जबेरा में लाटरी से चयन प्रक्रिया शनिवार को

जबेरा। जबेरा नगर के शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुये बताया कि नवीन सत्र 2026- 27 में कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन प्राप्त समस्त आवेदनों में से चयन प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम के द्वारा दिनांक चार अप्रैल 2026 दिन शनिवार को विद्यालय में दोपहर 2:00 बजे से संपन्न होगी जिसमें आप सभी पलक, जनप्रतिनिधि, ग्राम के गणमान्य नागरिक,पत्रकार बंधु सादर आमंत्रित हैं कृपया विद्यालय में पधार कर चयन प्रक्रिया संपन्न करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें।

### आज होगी राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक

दमोह। जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा एवं युवा सभा की आवश्यक बैठक आज 03 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से महाराणा प्रताप भवन जटाशंकर धाम के बाजू से आयोजित की गई है। बैठक में आगामी 17 जून 2026 को होने वाली वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती के संबंध में रूपरेखा तैयार की जाना, जिला प्रशासन एवं नगर पालिका दमोह को कई बार ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी महाराणा प्रताप चौक पर स्थापित मूर्ति में लाइटिंग की व्यवस्था ना करना, मूर्ति की साफ-सफाई ना किया जाना, सांसद दमोह द्वारा पूर्व में दी गई निधि से कराये गये एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण की जांच कराये जाना, आदि विषयों पर निर्णय लिये जावेंगे, बैठक में उपस्थित होने की अपील जिला अध्यक्ष राकेश सिंह हजारी, नगर अध्यक्ष बबलू ठाकुर, महामंत्री सुनील सिंह ठाकुर वरि.उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा की गई।

## पतलोनी में मां शारदा के दरबार में उमड़ा जनसैलाब



तेजगढ़। जिला की तेंदूखेड़ा जनपद के ग्राम पतलोनी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा को मां शारदा देवी जी के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर नारियल पानी व प्रसाद चढ़ाया। माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद मांगा। देवी जी के पंडा ने बताया कि जिन व्यक्तियों की मनोकामना पूर्ण हो गई वे श्रद्धालु आते हैं ओर आयोजन कराते है। इस वर्ष ग्रामीण अंचलों और दमोह जिला से लेकर अनेकों जिलों के व्यक्ति बड़ी संख्या में आये मां शारदा देवी जी को घट खप्पर जवारे ओर भंडारे चढ़ाते आराधना की। मां शारदा देवी जी के दरबार में रात्रि को पँडा के द्वारा झाड़ा फूफी का कार्यक्रम चलता है। जिन व्यक्तियों की मनोकामना पूर्ण हो जाती वही व्यक्ति चैत की पूर्णिमा को जवारे प्रसाद चढाने आते है। मंदिर प्रांगण में दोपहर से मेला लगता हे जो देर रात तक चलता है।

## खबर संक्षेप

### 12 साल की बच्ची को सांप ने काटा, जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा। रवीना यादव पिता हल्ले यादव उम्र 12 वर्ष ग्राम जरूआ की रहने वाली है रवीना शाम 7:30 बजे अपने घर के आंगन की पट्टी में बैठी हुई थी तभी अचानक एक जहरीले सांप ने आकर उसे हाथ में डस लिया। जैसे ही सांप ने डसा बच्ची जोर से चिल्लाई और अपने परिजनों को बुलाकर सांप डसने की बात कही परिजनों ने भी सांप भागते हुए देखा। परिजनों ने तुरंत बच्ची के हाथ में रस्सी बांधकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर आए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ड्यूटी डॉक्टर प्रियांशु साहू के द्वारा एंटी स्नेक वैक्सीन लगाकर बच्ची की हालत को देखते हुए 108 की मदद से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही हैं।

### लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा बैठक संपन्न

**दमोह।** जिले के विभिन्न विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा हेतु जारी रोस्टर अनुसार संयुक्त कलेक्टर राकेश मरकाम द्वारा समीक्षा की गई। उन्होंने 1 अप्रैल को खाद्य, अनुसूचित जाति, जनजातीय कार्य एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई तथा 2 अप्रैल को राजस्व विभाग की समीक्षा सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक विभागों के समस्त एल-1 अधिकारियों की उपस्थिति में की गई, जिसमें समस्त तहसीलदार,नायब तहसीलदार, जिला संयोजक, कनिष्ठ खाद्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। समीक्षा के दौरान संयुक्त कलेक्टर राकेश मरकाम ने सभी विभागों की विस्तृत समीक्षा के दौरान अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

### जगदीश मंदिर में अभिषेक पूजन हवन कर मनाया श्री हनुमान प्रकटोत्सव

# धूमधाम से मनाया संकट मोचन हनुमान प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर स्थित बहुत प्राचीन श्री हनुमान मंदिर भगवान हनुमान के जन्मोत्सव मनाया गया। श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित बृज भूषण गर्ग जी ने बताया श्री हनुमान जी का उत्सव है, जो शक्ति, भक्ति, ज्ञान और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक माने जाते हैं। यह मुख्य रूप से चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों को भय से मुक्ति, मानसिक शांति, बल और बुद्धि की प्राप्ति होती है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भक्ति और समर्पणः हनुमान जी को भगवान राम का सबसे बड़ा भक्त माना जाता है। यह दिन हमें ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास और समर्पण सिखाता है। शक्ति और साहस का प्रतीकः हनुमान जी ने रामजी के लिए समुद्र पार किया और लक्ष्मण के लिए पूरा पर्वत उठा लिया। उनकी पूजा से भक्तों को कठिन परिस्थितियों में साहस और बल मिलता है।

बुद्धि और चतुराईः हनुमान जी केवल बलवान ही नहीं, बल्कि परम बुद्धिमान भी थे। संकटमोचनः हनुमान जी को कलयुग में जागृत देवता माना जाता है। उनकी पूजा (जैसे हनुमान चालीसा का पाठ) से भय, रोग और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। सेवा भावः यह दिन हमें अहंकार छोड़कर निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। हनुमान जयंती के दिन सुबह स्नान कर, लाल वस्त्र धारण करके हनुमान जी की मूर्ति पर सिंदूर, चंदन और चमेली का तेल चढ़ाया जाता है। इस दिन उपवास रखने और हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करने का विशेष महत्व है।

# स्कूलों के समय बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ते पारे और भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की चिंता बढ़ गई है। इसी क्रम में आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर माननीय श्री सुधीर कोचर एवं जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ का कहना है कि दोपहर की चिलचिलाती धूप और लू (हीटवेव) के कारण बच्चों का स्कूल में बैठना और घर वापस लौटना कष्टकारी साबित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि विद्यालयों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन किया जाए। कक्षाओं का समय सुबह की पाली में शिफ्ट किया जाए ताकि बच्चे दोपहर की भीषण गर्मी से बच सकें। इस दौरान शिक्षक संघ के संभागीय और जिला स्तर के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे:प्रमेंद्र जैन(संभागीय अध्यक्ष)कमलेश कुमार सेन (जिला अध्यक्ष) महेश गुप्ता सुरेंद्र राय जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, अभय भट्ट कार्यकारी जिला अध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ नितेश पाठक ,मनीष भारद्वाज की उपस्थिति रही।

# हनुमान जयंती पर भक्तिमय हुआ माहौल

**जबेरा।** जबेरा नगर में चैत्र पूर्णमासी गुरुवार को संकट मोचन श्री हनुमंत लाल जी का प्रकटो त्सव बड़े ही धूमधाम एवं गरिमा मय तरीके से मनाया गया प्रातः 4:00 बजे से संपूर्ण नगर में श्री राम संकीर्तन की एक रैली निकाली गई सारा नगर वंदनवार एवं तोरण द्वारो से सजाया गया सारे नगर के हनुमान मंदिरो को सुसज्जित किया गया तथा हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड एवं अखंड रामायण पाठ का परायण किया गया उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया शाम के समय संपूर्ण नगर में हनुमान जी की भव्य झांकी गाजे बाजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई संपूर्ण नगर में जगह-जगह जुलूस में चल रहे लोगों का स्वागत किया गया। धार्मिक मान्यताओं की



अनुसार ₹श्री राम के परम भक्त बल बुद्धि एवं भक्ति के प्रतीक पवन पुत्र हनुमान का प्रकटीकरण मानव मात्र के लिए शक्ति और सेवा का सर्वोच्च संदेश है। दोनी गांव का प्रसिद्ध है हनुमान मंदिर : ऐसी मान्यता है कि यहां एक प्राचीन मंदिर है जिसमें विराजमान श्री हनुमंत लाल जी की प्रतिमा का एक पर पाताल तक गया है जिसका अंतिम छोर किसी को नहीं मिला वहीं दूसरा पैर जमीन पर ऊपर रहते हैं ऐसी मान्यता है कि इस दर पर आने वाले हर भक्त की मनोकामना बजरंगबली पूरी करते हैं यही कारण है कि केवल दमोह जिले ही नहीं आसपास के जिलों से भी लोग इस मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। प्रतिमा की स्थापना किसने कराई इसकी सटीक जानकारी नहीं मिलती है परंतु गांव के बुजुर्गों का ऐसा कहना है कि, यह हनुमान जी की प्रतिमा अपने आप जमीन से निकलकर के पेड़ के नीचे स्थापित हो गई थी बाद में भक्तों एवं ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर मंदिर का निर्माण कराया लेकिन पेड़ आज भी मंदिर के बीच से निकला हुआ है, ग्रामीण ऐसा बताते है कि मंदिर निर्माण के समय छात्र डाली गई थी लेकिन वह गिर गई इसलिए बाद में चारों ओर से दीवाल उठाई गई और पेड़ को सुरक्षित छोड़कर ही मंदिर का निर्माण किया गया। यह भी मानता है कि हनुमान जी का एक पैर जमीन में एवं दूसरा पैर पाताल में है जिसकी खोज कई बार हुई लेकिन पैर की गहराई तक कभी भी कोई भी नहीं पहुंच पाया यहां सच्चे मन से जो मन्नत मांगी जाती है वह आज भी निश्चित ही पूरी होती है। मंदिर के पीछे एक बावड़ी है जिसकी गहराई मात्र 15 फिट है लेकिन उसका पानी कभी खत्म नहीं होता ग्रामीणों का कहना है की बावड़ी से जितना पानी निकलता है उतना ही उसमें अचानक आ जाता है। जब भीषण गर्मी में चारों ओर पानी का अकाल पड़ जाता है उस समय आसपास के कई गांव के लोग इसी बावड़ी से पानी लेकर जाते है। ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी की दया से इस बावड़ी में कभी भी पानी की कमी नहीं हो सकती है।

# बम्होरी में बाल स्वरूप में विराजे हनुमान, लड्डुओं के भोग संग मनाया जन्मोत्सव

**बनवार।** क्षेत्र के बम्होरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया गया। मंदिर में विराजमान हनुमान जी का बाल स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह स्वरूप अत्यंत मनोहारी, दिव्य और अलौकिक प्रतीत होता है, जिसके दर्शन मात्र से भक्त भाव-विभोर हो उठे। मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां बाल हनुमान के दर्शन करने से जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रातःकाल से ही



विधि-विधान के साथ श्रृंगार पूजन प्रारंभ हुआ। हनुमान जी को विशेष श्रृंगार कर लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में गूंजते भजन-कीर्तन और ₹जय श्री राम₹ के जयघोष से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए दिनभर लंबी कतारें लगी रहीं और भक्तों ने श्रद्धापूर्वक हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में बनवार क्षेत्र के खेर माता मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, रोड स्थित महादेव घाट, चिलोद के चिंतामणि संकट मोचन मंदिर तथा माला के हनुमान मंदिरों में भी भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी स्थानों पर विशेष पूजन, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयोजित हुए। पूरे क्षेत्र में इस पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जन्मोत्सव ने न केवल धार्मिक वातावरण को सजीव किया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी प्रसारित किया।

# संदीपनि विद्यालय में मनाया गया-प्रवेशोत्सव



**दमोह।** शासन के निर्देशानुसार नवीन सत्र 2026-27 के अंतर्गत 1 अप्रैल को कक्षा 1 से 12 वी के विद्यार्थियों के लिए नवीन कक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद पटेरा के उपाध्यक्ष दीपक लाभकारी, विशिष्ट अतियि समाजसेवी एवं सेवानिवृत किए प्रकाशचंद गुप्ता, नगर के गणमान्यजन, और अभिभावक, कौर मित्रो ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्पवर्षा कर प्रवेश कराया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को नियुक्त पुस्तके एवं पात्र विद्यार्थियों को साईकिल प्रदाय की । सभी अतिथियों, पालकों ने विद्यार्थियों को नवीन सत्र की शुभकामनायें प्रेषित की।

# टाईम्स पब्लिक स्कूल में हुआ नन्हे विद्यार्थियों का सम्मान समारोह




**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन डे बड़े उत्साह से विद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के संचालक महोदय श्री सुशील गुप्ता, मुख्य अतिथि रमेश व्यास (प्राचार्य हायर सेकन्डरी स्कूल उमरी दमोह) एंव विद्यालय के सह संचालक महोदय प्रियाश गुप्ता शाला के प्राचार्य अजय मिश्रा के द्वारा कार्यकम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर नन्हें सुन्हे विद्यार्थियों को तिलक एवं ग्रेजुएशन साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात परीक्षा परिणाम एंव प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अभिवावकों की उपस्थिति ने बच्चो का उत्साह और बढ़ा दिया साथ ही अभिभावकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को केवल प्रमाण-पत्र देना नहीं बल्कि उनके शैक्षणिक जीवन की पहली उपलब्धि, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन देना है। ग्रेजुएशन के बच्चों की छोटी सफलता को बड़ी खुशी मे बदलने और उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित करने का विशेष उदेश्य होता है। कार्यक्रम के अंत में शाला के विरिष्ठ शिक्षक जार्ज माइकल सर के द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ आयोजन

**दमोह।** श्री हनुमान प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर श्री शिव सांई धाम बेलाताल टापू में भव्य धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से प्रारंभ हुए सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों ने एक सुर में बजरंगबली का गुणगान किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। इसके उपरांत मंदिर पुजारी कमलेश्वरानंद जी महाराज के सानिध्य में भव्य महा आरती संपन्न हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी कमलेश्वरानंद जी महाराज, डॉक्टर आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, डब्बू ताम्रकार, राहुल ताम्रकार, राजू नामदेव, अमित राय, भूपेंद्र शर्मा, विवेक चौबे, संदीप नामदेव, विकास शर्मा, भोले राजू, महेश तिवारी, गजेंद्र ठाकुर, सुरेश गोरिल्ला, ईश्वर दास शर्मा, डालचंद असाटी, चट्टू दुबे एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित किया।

# पटेरा में धूमधाम से मनाया हनुमान प्रकटोत्सव



**पटेरा।** नगर में हनुमान जयंती की धूम सभी मंदिरों में रही। बस स्टेण्ड पर स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पा कर पुण्य लाभ लिया। प्रातः से ही संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी को चोला चढ़ाने श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। सुबह नौ बजे पं सोनू मिश्रा एवं पुजारी पंडित मधुकर तिवारी के निर्देशन में सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। मंदिर व्यवस्थापन समिति के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पाठ का वाचन कर पुण्य लाभ लिया। पूजन अर्चन उपरांत हवन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने शामिल होकर हवन में आहूतियां दी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शाम तक प्रसाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने भी सपरिवार पहुंच कर पूजन अर्चन कर अपना प्रसाद चढ़ाया। इस संपूर्ण व्यवस्था में आयोजन समिति के मोहन ताम्रकार, बसोरी चौरसिया, भागीरथ विश्वकर्मा, प्रकाश गुप्ता, सहित टीम सक्रिया रही। हवन यज्ञ में अपनी सहभागिता निभा कर पुण्य लाभ लेने वालों में प्रमुख रूप से पवन पालीवाल, राजा ताम्रकार, वीरेन्द्र ताम्रकार, नितिन ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज, माही ताम्रकार, नरेन्द्र अग्रवाल, गोविंद सिंह, निरन सिंह,अनिल ताम्रकार, संजय पालीवाल, शुक्ला जी आयुर्वेद, मुकेश चौरसिया, गोविन्द चौरसिया, शिरीष नेमा अरविन्द पटेल, उमेश ताम्रकार, प्रियांशु चौबे, टीकाराम चौरसिया, कम्मू ताम्रकार, नरेन्द्र चौरसिया, सरपंच शंकर गौतम की उपस्थिति रही।

### स्वंय को आक्रोश के साथ ठगा सा मेहसूस कर रहे आन्दोलनकारी

# संवेदनशील कलेक्टर के कहने पर भी विवादित शराब दुकान स्थल की जांच करने नहीं पहुंचे अधिकारी

**हिण्डोरिया।** नगर के मुख्य मार्ग पर गरीब अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग बाहुल्य वार्ड के अलावा धार्मिक एवं बच्चों के स्कूलों के समीपस्थ संचालित देशी एवं अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान को हटाने के पूर्व विवादित स्थल का विधिवत भौतिक सत्यापन करने एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने अधीनस्थ अधिकारी एसडीएम सौरभ गन्धर्व एवं जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे को बुधवार को हिण्डोरिया जांच टीम भेजने को कहा था। बृहस्पतिवार को आने वाली कोई भी जांच टीम नही आई। नगर के पीड़ित वार्डों के पीड़ित नागरिक एवं अनेक जनप्रतिनिधि कलेक्टर व्दारा भेजी जाने वाली टीम का बृहस्पतिवार को दिन भर इंतजार करते रहे। ना टीम के किसी अधिकारी ने नागरिकों को आने ना आने के बारे मे ही सूचित किया। और ही टीम आई। आज सभी आन्दोलन कारी नागरिक एवं उनके प्रति निधी स्वंय को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे हैं। म. प्र.एकता परिषद के जिला अध्यक्ष सुजात खान ने कहा कि शासन-प्रशासन का ये रवैया एक तरह से भारत के प्रजातंत्र एवं अहिंसात्मक आन्दोलन का अपमान है। नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल ने कहा कि प्रशासन के इस किंकर्तव्यविमूढ़ता कदम के विरूद्ध पीड़ितजन शीघ्र बडा.आन्दोलन करेंगे। नागरिकों एवं आन्दोलनकारियों ने एक बार पुनः शासन-प्रशासन से उक्त विवादित स्थल पर शासन के नियम के विरुद्ध बस्ती मे संचालित उक्त देशी-अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान को अन्यंत्र स्थान पर स्थापित करने की मांग की है।

# ट्रकों को हटाने के दौरान क्रेन पलटी, आधा घंटे लगा रहा जाम

### दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर ट्रैफिक बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर के दानीताल धावा लाइन के पास गुरुवार को सुबह से दोपहर तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मंगलवार को पलटे दो ट्रकों को हटाने का कार्य जारी था, इसी दौरान एक क्रेन मशीन के पलट जाने से करीब आधे घंटे तक पूर्ण जाम की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार को दो ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गए थे। गुरुवार सुबह से दोनों ट्रकों को निकालने के लिए क्रेन मशीनों की मदद से रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। सड़क संकरी होने के कारण एक समय में सीमित वाहनों की ही आवाजाही संभव हो पा रही थी, जिससे रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनती रही। इसी दौरान ट्रकों को बाहर निकालने के प्रयास में लगी एक क्रेन अचानक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। घटना के बाद करीब आधे घंटे तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिंग्रामपुर के आरक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को मशीनों की मदद से धीरे-धीरे बाहर निकाला जा रहा है। वहीं जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि पूर्ण जाम की स्थिति लगातार नहीं बनी रही, लेकिन क्रेन से कार्य के दौरान रुक-रुक कर यातायात प्रभावित होता रहा। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने बताया कि क्रेन पलटने के कारण कुछ समय के लिए पूर्ण जाम लगा था, इसके बाद वाहनों को धीरे-धीरे निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लंबे समय तक जाम में फंसे रहने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दानीताल धावा लाइन तक लगभग दो किलोमीटर का मार्ग संकरा है, जिससे वाहनों की क्रॉसिंग में परेशानी होती है और अक्सर हादसों की स्थिति बनती रहती है। यह क्षेत्र फॉरेस्ट एरिया में आने के कारण सड़क का चौड़ीकरण भी नहीं हो पा रहा है। फिलहाल प्रशासन द्वारा मार्ग को सुचारू करने के प्रयास किए गए, जिसके बाद दोपहर तक यातायात सामान्य हो।

# सांदीपनि विद्यालय में संसाधनों का संकटः अधूरी बिल्डिंग बनी बाधा 260 बच्चों का दाखिला अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के द्वारा किए जाने वाले शिक्षा के अधिकार एवं गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के दावों के बीच जबेरा क्षेत्र के संदीपनी विद्यालय से जमीनी हकीकत एक चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है पिछले तीन वर्षों से निर्माणधीन स्कूल भवन आज भी अधूरा पड़ा है जिससे सैकड़ो बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। विद्यालय में नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत तो किया गया लेकिन व्यवस्थाओं की कमी ने पूरे आयोजन की चमक फीकी कर दी विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष 363 विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया लेकिन पर्याप्त कक्ष एवं बैठने की व्यवस्था न होने के कारण केवल 100 छात्रों को ही प्रवेश दिया जा सका करीब 260 बच्चों का दाखिला फिलहाल होता हुआ नहीं दिख रहा है।

### निर्माण कार्य की सुस्ती बनी सबसे बड़ी बाधा

जमीनी हालात बताते है कि नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है वहीं पुरानी बिल्डिंग का जीणोंधार भी अधूरा पड़ा हुआ है छात्रों के खेलकूद के लिए जरूरी मैदान अब तक तैयार नहीं हो सका है ।फिलहाल सिर्फ बाहरी दीवारों पर रंग रोगन का काम जारी है जबकि मूलभूत सुविधाएं अभी भी अधूरी है।*विद्यालय के प्राचार्य ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि कमरों एवं संसाधनों की भारी कमी के कारण हम चाह कर भी अधिक छात्रों को प्रवेश नहीं दे पा रहे हैं जब तक भवन निर्माण पूरा नहीं होता समस्या बनी रहेगी।

### प्रशासन ने लिया संज्ञान जांच के निर्देश

मामले को लेकर के एस डी एम छोटे गिरी गोस्वामी ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है इसकी जांच कर संबंधित विभाग को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए जाएंगे । बड़ा सवाल यह है कि जब स्कूल भवन ही अधूरा है तो बच्चों के सपनों की मजबूत नींव कैसे रखी जाएगी? स्पष्ट है कि यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो सैकड़ो बच्चे शिक्षा से वंचित रह सकते है।

# शॉर्ट सर्किट से 20 एकड़ नरवाई में लगी आग, गेहूं की फसल बची

**बनवार/दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभाना गांव में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बिजली के पोल में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने पास की नरवाई में आग लगा दी, जो देखते ही



देखते करीब 20 एकड़ खेत में फैल गई। आग की लपटें पास में खड़ी गेहूं की फसल तक पहुंचने ही वाली थीं, लेकिन समय रहते ग्रामीणों की सतर्कता और दमोह से पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इससे बड़ी आर्थिक क्षति टल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। साथ ही खेत मालिकों को सूचना दी गई। बाद में फायर ब्रिगेड टीम ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। रिटायर्ड जवान कमांडर अब्दुल हमीद खान ने बताया कि उनके लगभग 10 एकड़ खेत में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है, जिसकी कटाई शुक्रवार से शुरू होने वाली थी। आग उनके खेत के समीप लगी थी, लेकिन समय पर काबू पा लेने से उनकी फसल सुरक्षित बच गई। उन्होंने बताया कि बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी। इस संबंध में उन्होंने बिजली विभाग से मांग की है कि तारों के कनेक्शन को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। वहीं, आग बुझाने में जुटे हीरालाल ने बताया कि बिजली के तारों में किए गए जॉइंट से ही चिंगारी निकली, जिससे नरवाई में आग फैल गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर काफी मशक्कत कर आग को फैलने से रोका। समय रहते आग पर काबू पा लेने से जहां बड़ी फसल बच गई, वहीं एक बड़ा हादसा टल गया।

# नवीन मेडिकल कॉलेज दमोह का सांसद आज करेंगे निरीक्षण

**दमोह।** दमोह के सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा आज 03 अप्रैल को प्रातः 10 बजे नवीन मेडिकल कॉलेज, दमोह का निरीक्षण प्रस्तावित है, इस दौरान वे कॉलेज की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सेवाओं एवं अधोसंरचना का जायजा लेंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बुंदेलखण्ड मेडिकल कॉलेज सागर के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वे स्वयं उपस्थित रहकर सांसद के भ्रमण के दौरान आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान करें। उन्होने बताया भ्रमण के दौरान सांसद श्री लोधी को चिकित्सा सेवाओं की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना विकास, तथा अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित की गई कार्यवाही एवं प्रगति से अवगत कराया जाएगा।